आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 188 हापुड़, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज़: 06

## हिम्मत है तो केजरीवाल भी अपने मंत्रियों के साथ यमुना जी में डूबकी लगाकर दिखाएं - सीएम योगी

नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। यमुना का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में गंगा अविरल व निर्मल है। लेकिन यमुना का दिल्ली में बुरा हाल है। मैंने अपने मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान गंगा में डूबकी लगाई, यदि हिम्मत है तो केजरीवाल भी अपने मंत्रियों के साथ इस चुनाव में यमुना जी में डूबकी लगाकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि एक ओर हजारों वर्षों के शानदार अतीत वाली वैभवशाली दिल्ली है जो आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। जिस दिल्ली को विकास के नए प्रतिमान स्थापित करने चाहिए, वह आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश है, जहां आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। यह सुविधा संपन्न राज्य है। नए भारत की यात्रा में मोदी के विजन को साकार कर रहा है। आलम यह है कि आज दिल्ली के लोग निवास व निवेश दोनों के लिए नोएडा का रूख कर रहे हैं। बुलडोजर भेजकर जमीन को कराया कब्जा मुक्त- योगी अपने पूरे संबोधन में योगी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि जामिया मिल्लिया के पास उत्तर प्रदेश सरकार की जमीन पर वहां के नेताओं ने अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं को बसाया। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के हमारे अनुरोध की अनसुनी की। अंत में हमलोगों ने बुल्डोजर चलाकर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। आज दिल्ली सरकार यह समझ ले कि दिल्ली के लोगों की सुविधाओं के लिए जमीन हम देने को




तैयार हैं, लेकिन विदेशियों के लिए हमारी एक इंच भूमि भी हम किसी को नहीं लेने देंगे। दोहरी नीति नहीं चलेगी-योगी पुजारियों को मानदेय देने से जुड़े आम आदमी पार्टी की घोषणा को आड़े हाथों लेते हुए केजरीवाल पर सीधा प्रहार करते हुए योगी ने कहा कि आप मौलवियों को पहले से मानदेय देने की बात करते थे, वह देने में आप आज विफल हैं तो ध्यान भटकाने के लिए पुजारियों का नाम लिया। लेकिन आप बौद्ध भंते जो उसी श्रेणी में आते थे, उनका नाम नहीं लिया। वाल्मिकी मंदिर के पुजारी भी उसी श्रेणी में आते थे, आपने उनका नाम नहीं लिया। रविदास की परंपरा से जुड़े मंदिरों के पुजारी का नाम नहीं लिया। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। सड़कों की दुर्दशा पर कसा तंज दिल्ली में सड़कों की दुर्दशा पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि आज यहां पिछले एक दशक में यहां पर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल के नेतृत्व की सरकार ने नारकीय बना दिया है। नर्क बना दिया है। गाजियाबाद से रोड से दिल्ली में प्रवेश करने पर देखा तो हाइवे को छोड़कर सड़क पर मेरा वास्ता गड्ढों पर पड़ा। सड़क पर बहते हुए सीवर से पड़ा। गंदगी के ढेर से हुआ। बदबूदार सड़कों से हुआ। तंगहाल गलियों का सामना करते यहां पहुंचा। अन्यथा एक घंटे पहले यहां पहुंच चुका होता। यहां सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जहां तक देखा गंदगी है। आप ने बुनियादी सुविधाओं से रखा वंचित- योगी उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की तुलना उत्तर प्रदेश से कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल जी उत्तर प्रदेश सुरक्षित राज्य है। दंगा मुक्त राज्य है। सुविधा संपन्न राज्य है। यहां की छवि बदल चुकी है। आज वह नए भारत की यात्रा में मोदी के विजन को साकार कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश की बड़ी आर्थिक शिक्त के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यही अपील करने आया हूं कि बुनियादी सुविधा देखना हो, तो एनसीआर से जुड़े गाजियाबाद, नोएडा को दखे लें।

ओखला दिल्ली में है लेकिन यहां निवेश नहीं हुआ। लेकिन न्यू ओखला में देखें तो देश में निवेश के लिए सबसे अच्छी जगहों में यह शुमार है। लोग अब दिल्ली में नहीं रहना चाहते है। क्यों कि आप ने बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया है।

## महाकुंभ के भव्य आयोजन पर दुनिया हैरान, 27 जनवरी को करूंगा स्नान - अमित शाह

अहमदाबाद । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद में हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वो 27 जनवरी को पवित्र गंगा में डुबकी लगाने प्रयागराज जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आज हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेले का उद्घाटन हुआ है। वहीं प्रयागराज में 144 साल बाद महाकुंभ लगा है। दुनिया इस पर हैरान है। अनेक देशों के लोगों ने मुझसे कहा कि हमें आमंत्रण पत्र चाहिए। मैंने उन्हें समझाया कि कुंभ एक मेला है, जिसमें किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। वे हैरान हैं कि 40 करोड़ लोग बिना निमंत्रण के एक जगह आते हैं। वे मुझसे पूछते हैं कि इसे कौन प्रबंधित करता है। मैंने उनसे कहा कि सरकार द्वारा किया गया प्रबंधन राम सेतु बनाने में गिलहरी के योगदान जितना महत्वपूर्ण है। मुगल और कांग्रेस के राज के दौर में भी महाकुंभ का आयोजन होता था और आज भी महाकुंभ का आयोजन बेहद सुंदर तरीके से हुआ है। गुजरात की जनता से अपील है कि वे इस पुण्य का भागी बनें। हर किसी को मौका नहीं मिलता। इस बार महाकुंभ 144 साल में लगा है, वहां हर किसी को जाना चाहिए। मैं अपने जीवन में 9 कुंभ में जा चुका हूं। अर्धकुंभ देखे हैं लेकिन महाकुंभ में 27 जनवरी को जाने वाला हूं। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते दस सालों में हमारी सरकार ने तमाम बड़े काम किए हैं। पहले हिंदू बोलना मुश्किल था लेकिन आज हर कोई गर्व से बोलता है। 550 साल से रामलला टेंट से बाहर आए और अयोध्या में उनका भव्य मंदिर बना। धारा 370 को समाप्त करने का काम हमारी सरकार ने किया है। सात दशक तक जो काम नहीं हो पाए, आज हमारी सरकार प्राथमिकता के आधार पर उन कामों को पूरा कर रही है। भारत के धर्म स्थलों और भारत की दैवीय मूर्तियां जो चोरी हुई थीं, केंद्र सरकार ने उन्हें दुनियाभर से वापस लाने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि इस मेले में अहिल्याबाई होलकर का स्टॉल लगा है, वे अपने जमाने में चमकते सितारे की तरह थीं। सोमनाथ मंदिर हो या काशी विश्वनाथ मंदिर, अनेक धार्मिक स्थानों पर धर्म की रक्षा का काम उन्होंने किया। उन्हें यहां स्थान मिला है, इससे गुजरात के युवाओं को उनके जीवन के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

## कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा- मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद। प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित



भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। श्री मोदी कहा, आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आजाद हिंद सरकार के 75 वर्ष पूरे होने पर लाल किले पर मुझे तिरंगा फहराने का मौका मिला था। उस ऐतिहासिक अवसर को मैं कभी भूल नहीं सकता। नेताजी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 2019 में दिल्ली के लाल किले में नेताजी सुभाष को समर्पित म्यूजियम का निर्माण किया। उसी साल सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार शुरू किए गए। 2021 में सरकार ने निर्णय लिया कि नेताजी की जयंती को अब पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इंडिया गेट के समीप नेताजी की विशाल प्रतिमा लगाना, अंडमान में द्वीप का नाम नेताजी के नाम पर रखना, गणतंत्र दिवस की परेड में आईएनए के जवानों को नमन करना, सरकार की इसी भावना का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश ने यह भी दिखाया है कि तेज विकास से सामान्य जन का जीवन भी आसान होता है और सैन्य सामर्थ्य भी बढ़ता है। बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, यह बहुत बड़ी सफलता है। आज गांव हो या शहर हर तरफ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण हो रहा है, साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो रही है, वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से एक लक्ष्य एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है और यही नेताजी को हमारी सच्ची कार्यांजलि होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्म जयंती के इस पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेता जी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेता जी की जन्म भूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा की सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कटक में नेता जी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेता जी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेता जी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। इन सबके साथ नेता जी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेता जी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत मेरे युवा भारत माई भारत को एक नई ऊर्जा देगी।

## 70 पर्सेंट औरतें आप को वोट दे रही हैं, मर्द भटक जाते हैं - अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली । दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 70 फीसदी महिलाएं आम आदमी पार्टी को वोट कर रही हैं, लेकिन मर्द भटक जाते हैं। उन्होंने महिला वोटर्स से अपील की है कि वे मर्दों को बिठाकर समझाएं। आम आदमी पार्टी ने चुनाव में जीत मिलने पर मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के जरिए महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है। पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल को उम्मीद है कि इसकी वजह से आधी आबादी का रुझान उनकी ओर है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस ने 2500 मासिक देने का वादा किया है। दिल्ली के पूर्व सीएम ने गुरुवार को हरि नगर की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की वजह से दिल्ली में हर परिवार में 20-22 हजार रुपए की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि गलती से भाजपा का बटन दबा दिया तो दिल्ली में रहने लायक नहीं बचेंगे। पड़ोस में भी बता देना कई बीजेपी-बीजेपी करते रहते हैं। केजरीवाल ने कहा कि महिलाएं पुरुषों से ज्यादा समझदार होती हैं और वह जानती हैं कि घर कैसे चलता है। केजरीवाल ने कहा, एक सर्वे हुआ है अभी। सर्वे में यह निकलकर आया कि दिल्ली की 70 पर्सेंट औरतें आम आदमी पार्टी को वोट दे रही हैं क्योंकि औरतों को पता है कि केवल आम आदमी पार्टी काम आएगी। ये मर्द थोड़े से भटक जाते हैं। वो थोड़े बहुत कभी-कभी बीजेपी में चले जाते हैं। मर्दों को घर में बिठाकर समझाना कि ये बीजेपी कुछ काम नहीं आने वाले। बीजेपी धोखेबाज पार्टी है, गुंडों की पार्टी है। काम तो हमारा अरविंद केजरीवाल ही आएगा।% केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद हर महीने हर महीने महिलाओं को 2100-2100 रुपए की योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि




भाजपा वाले कह रहे हैं कि केजरीवाल औरतों को बिगाड़ रहे हैं। आप प्रमुख ने दिल्ली में गुरुवार को प्रचार में उतरे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यूपी में स्कूलों की हालत बहुत खराब है, वह अपने शिक्षा मंत्री को वहां भेजकर सिखा सकते हैं कि स्कूलों को कैसे ठीक किया जाए। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें पूरी दिल्ली से सीवर लाइन खराब होने की शिकायतें मिल रही हैं वह चुनाव जीतने के बाद पुरानी सीवर लाइनों को बदलवाएंगे।

## झूठ और लूट की नीति पर चल रही है भाजपा सरकार - अखिलेश



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा झूठी पार्टी है। भाजपा की सरकार झूठ और लूट की नीति पर चल रही है। झूठे वादे और हर विभाग हर योजना में लूट करना ही इनका काम है। अखिलेश यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा की केंद्र प्रदेश सरकार ने झूठ बोलकर हर वर्ग और जनता को ठगने का काम किया। किसानों, नौजवानों, छात्रों, व्यापारियों से झूठे वादे किए। कोई भी वादा पूरा नहीं किया। अब फिर प्रदेश की जनता को नए-नए झूठे सपने दिखाना शुरू कर दिए गए हैं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते 10 सालों में किसानों की आय दोगुना नहीं हुई उल्टे उनकी आय दिनों दिन घटती जा रही है।

किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर बकाया बढ़ता जा रहा है। भाजपा सरकार लगातार किसान विरोधी कार्य कर रही है। इस वर्ष अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं हुई। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को लाखों करोड़ निवेश और लाखों नौकरियों के सपने दिखाये। बड़े-बड़े इनवेस्टर मीट हुए लेकिन कोई निवेश जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है।

सपा प्रमुख ने कहा कि किसी भी जिले में फैक्टरी और कंपनी लगती नहीं दिख रही है। न तो भाजपा सरकार निवेश ला पायी और न नौजवानों को नौकरी रोजगार दे पायी बल्कि इनकी गलत नीतियों, प्रताड़ना और उगाही से कानपुर, लखनऊ समेत प्रदेश के बड़े व्यवसायी अपना कारोबार बंद कर बाहर चले जा रहे हैं। कारोबार बाहर जाने से उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और बढ़ेगी। इस सरकार में प्रदेश में एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया, जिसे जनता के बीच बता सके।

## महाकुम्भ के दौरान संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

महाकुम्भ नगर । महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर



ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं।

अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

## दिल्ली मांग रही शीला दीक्षित का विकास मॉडल, ना कि भाजपा व आप का झूठा प्रचार मॉडल - राहुल गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि अब दिल्ली की जनता इन दोनों नेताओं का 'झूठे प्रचार का मॉडल' नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का 'विकास मॉडल' मांग रही है। गांधी ने यह बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो शेयर करते हुए कही, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'खराब निर्माण कार्य, गंदगी, महंगाई, बेरोज़गारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार, दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है।' वीडियो में राहुल गांधी कहते हैं, दिल्ली की सच्चाई आपके सामने है। सच्चाई ये है कि लंबे-लंबे भाषण होंगे, केजरीवाल जी भी करेंगे, नरेंद्र मोदी जी भी करेंगे, जैसे प्रचार नरेंद्र मोदीजी करते हैं, एक के बाद एक. एक के बाद एक झूठे वादे, वैसी ही रणनीति केजरीवाल जी की भी है। कोई फर्क नहीं है, जो काम शीला दीक्षित जी ने किया था, वो ना केजरीवाल जी कर सकते हैं, ना बीजेपी कर सकती है, कांग्रेस पार्टी कर पाएगी। इससे पहले अस्वस्थ होने की वजह से राहुल गांधी बुधवार को दिल्ली के सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित नहीं कर सके थे और उन्होंने एक संदेश के माध्यम से रैली में आए लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की थी। इसके अलावा गुरुवार को भी लगातार दूसरे दिन दिल्ली में उनकी रैली रद्द हो गई। दरअसल आज शाम सात बजे उन्हें मुस्तफाबाद में रैली को संबोधित करना था, लेकिन खराब सेहत की वजह से वह प्रचार नहीं कर पाएंगे। पार्टी नेताओं ने बताया कि डॉक्टर ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। जिसके चलते वह रैली में शामिल नहीं हो पाएंगे।

## संपादकीय

# एक टोकरी-भर मिट्टी ( कहानी )

किसी श्रीमान् जमींदार के महल के पास एक गरीब अनाथ विधवा की झोंपड़ी थी। जमींदार साहब को अपने महल का हाता उस झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई, विधवा से बहुतेरा कहा कि अपनी झोंपड़ी हटा ले, पर वह तो कई जमाने से वहीं बसी थी; उसका प्रिय पति और इकलौता पुत्र भी उसी झोंपड़ी में मर गया था। पतोहू भी एक पांच बरस की कन्या को छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धाकाल में एकमात्र आधार थी। जब उसे अपनी पूर्वस्थिति की याद आ जाती तो मारे दुःख के फूट-फूट रोने लगती थी। और जबसे उसने अपने श्रीमान् पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना, तब से वह मृतप्राय हो गई थी। उस झोंपड़ी में उसका मन लग गया था कि बिना मरे वहां से वह निकलना नहीं चाहती थी। श्रीमान् के सब प्रयत्न निष्फल हुए, तब वे अपनी जमींदारी चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से झोंपड़ी पर अपना कब्जा करा लिया और विधवा को वहां से निकाल दिया। बिचारी अनाथ तो थी ही, पास-पड़ोस में कहीं जाकर रहने लगी। एक दिन श्रीमान् उस झोंपड़ी के आसपास टहल रहे थे और लोगों को काम बतला रहे थे कि वह विधवा हाथ में एक टोकरी लेकर वहां पहुंची। श्रीमान् ने उसको देखते ही अपने नौकरों से कहा कि उसे यहां से हटा दो। पर वह गिड़गिड़ाकर बोली, महाराज, अब तो यह झोंपड़ी तुम्हारी ही हो गई है। मैं उसे लेने नहीं आई हूं। महाराज क्षमा करें तो एक विनती है। जमींदार साहब के सिर हिलाने पर उसने कहा, जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत-कुछ समझाया पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल। वहीं रोटी खाऊंगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी-भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊंगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए तो इस टोकरी में मिट्टी ले आऊं! श्रीमान् ने आज्ञा दे दी। विधवा झोंपड़ी के भीतर गई। वहां जाते ही उसे पुरानी बातों का स्मरण हुआ और उसकी आंखों से आंसू की धारा बहने लगी। अपने आंतरिक दुःख को किसी तरह संभालकर उसने अपनी टोकरी मिट्टी से भर ली और हाथ से उठाकर बाहर ले आई। फिर हाथ जोड़कर श्रीमान् से प्रार्थना करने लगी, महाराज, कृपा करके इस टोकरी को जरा हाथ लगाइए जिससे कि मैं उसे अपने सिर पर धर लूं। जमींदार साहब पहले तो बहुत नाराज हुए। पर जब वह बार-बार हाथ जोड़ने लगी और पैरों पर गिरने लगी तो उनके मन में कुछ दया आ गई। किसी नौकर से न कहकर आप ही स्वयं टोकरी उठाने आगे बढ़े। ज्योंही टोकरी को हाथ लगाकर ऊपर उठाने लगे त्योंही देखा कि यह काम उनकी शक्ति के बाहर है। फिर तो उन्होंने अपनी सब ताकत लगाकर टोकरी को उठाना चाहा, पर जिस स्थान पर टोकरी रखी थी, वहां से वह एक हाथ भी ऊंची न हुई। वह लज्जित होकर कहने लगे, नहीं, यह टोकरी हमसे न उठाई जाएगी। यह सुनकर विधवा ने कहा, महाराज, नाराज न हों, आपसे एक टोकरी-भर मिट्टी नहीं उठाई जाती और इस झोंपड़ी में तो हजारों टोकरियां मिट्टी पड़ी है। उसका भार आप जन्म-भर क्योंकर उठा सकेंगे? आप ही इस बात पर विचार कीजिए। जमींदार साहब धन-मद से गर्वित हो अपना कर्तव्य भूल गए थे पर विधवा के उपर्युक्त वचन सुनते ही उनकी आंखें खुल गयीं। कृतकर्म का पश्चाताप कर उन्होंने विधवा से क्षमा मांगी और उसकी झोंपड़ी वापिस दे दी।

# क्या आप जानते हैं अकबर के दरबार में कौन से नौ रत्न थे ?

क्या आप जानते हैं अकबर के दरबार में कौन से नौ रत्न थे? लीजिए प्रस्तुत है इन नौ रत्नों के बारे में जानकारी- तानसेन: इनका मूल नाम राम तनु पांडे था। इनका जन्म बेहट नामक गांव में हुआ था। मियां तानसेन महान संगीतज्ञ थे। बीरबल: इनका मूल नाम महेश दास था। यह ओरछा गांव के ब्राह्मण थे। हाजिर जवाब और संकट मोचक तथा अकबर के सलाहकार थे। यह परम बुद्धिमान कहे जाते हैं। इनके अकबर के संग किस्से आज भी कहे जाते हैं। मान सिंह: यह अकबर के सेनापति थे। अकबर मान सिंह का फूफा था। इनकी बुआ जोधाबाई अकबर की पटरानी थी। टोडरमल: अकबर से पूर्व शेरशाह के समय इन्होंने लगान संबंधी सुधार कर ख्याति प्राप्त की। अकबर ने इन्हें दीवाने अशरफ के पद पर नियुक्त किया। अब्दुर्रहीम खानखाना: यह बैरम खां के पुत्र थे। यह फारसी भाषा के विद्वान थे। इन्होंने हिन्दी में भी कई दोहे लिखे। बाबरनामा का अनुवाद तुर्की से फारसी में किया। हकीम हुमाम: यह अकबर के हकीम थे। अबुल फजल: इन्होंने आइने-अकबरी तथा अकबरनामा की रचना की। शेख फैजी: अबुल फजल का बड़ा भाई था। इन्होंने लीलावती ग्रंथ का फारसी में अनुवाद किया। मुल्ला दो प्याजा: यह भी साहित्यकार थे।

# 24 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.13 प्रात-
सूर्यास्त- 06.04 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 02.27 सायंकाल
चंद्र अस्त- 1.19 दोपहर
चंद्रमा- वृश्चिक राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-25 पूर्णिमांत महीना माघ-11, पक्ष-कृष्ण 10, तिथि- दशमी सायं- 07.25 तक बाद में एकादशी, नक्षत्र- अनुराधा प्रात- 07.07 तक बाद में ज्येष्ठ,योग-वृद्धि प्रात- 05.09 तक बाद में ध्रुव,करण-विष्टी सायं- 07.25 तक बाद में बव, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.17 से 01.00 बजे तक दुमुहूर्त प्रात- 09.23 से 10.06 तक व दोपहर- 01.00 से 01.44 तक अमृत काल सायं- 07.51 से 09.35 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.36 से 06.24 तक।

## आज 24 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष-संकट टल जाएगा,ईश्वर से प्रार्थना करेंगे, दान करेंगे, दुकान लेने का विचार बनेगा, कुछ काम बड़ी मुश्किल से पूरे होंगे।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ-बिजनस प्लानिंग करेंगे, इंस्टीट्यूट, मोबाइल शॉप,फोटोग्राफी, दुकान चालू कर सकते है, पुराना कोई फिर से शुरू करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-65

मिथुन-बात अपने पक्ष में करेंगे, पत्नी का ध्यान रखेंगे, इमोशनल होकर फैसला ना लें, घर के सुख में कोई परेशानी देना चाहेगा।
भाग्य प्रतिशत-58

कर्क-परिश्रम को बढ़ाने का समय है, लिस्ट बनाए, काम निपटाए,यात्रा से लाभ होगा, विद्या और टैलेंट का लाभ होगा,शॉर्ट टेंपर होने से बचे।
भाग्य प्रतिशत-63

सिंह- बाहर जाकर व्यापार बढ़ाना चाहेंगे लाभ लाभ के लिए थोड़ा इंतजार करें, लाइन से हटकर नया कोर्स करने ना करें, फैक्ट्री में मशीन का पार्ट चलते समय खराब हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-52

कन्या- घर में रहने की इच्छा होगी, धार्मिक यात्रा प्लान कर सकते है, ऑनलाइन कोई परीक्षा अच्छी जाएगी, कर्ज चुकाने का समय ले लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-56

तुला- धन की स्तिथि सुधरेगी, मुश्किल परिस्थिति में कोई काम भी मिलेगा, घूमना फिरना करेंगे, होम्योपैथिक डॉक्टर की प्रेक्टिस चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-61

वृश्चिक- संबंधों में सुधार की उम्मीद कम लगेगी, कंसल्टेशन कार्य मिलेगा, नौकरी की जगह स्वतंत्र काम की ओर रुझान रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-56

धनु- किसी से बात करके इमोशनल हो सकते है, विपरित परीस्थिति से लड़ेंगे भी,गाय को चारा खिलाए,
किसी डील से पैसा मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

मकर- काम से यात्रा होगी,आमदनी मन्द पड़ेगी, विवाह में जल्दबाज़ी ना करें,प्रेम संबंध में विश्वास दृढ़ता आएगी, घरेलू सुख के प्रति अधिक ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-56

कुम्भ- बिगड़े समबन्ध सुधर सकते है, गिले शिकवे दूर होंगे,किसी काम से लगेगा कि फ़ायदा नहीं होगा पर अंत में होगा,शिक्षा द्वारा उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-51

मीन- मानसिक शांति की तलाश रहेगी,क्रिएटिव कार्य से उन्नति होगी, ट्रैवल एजेंट, मार्केटिंग के क्षेत्र से लाभ होगा, करियर में विपरित स्तिथि अच्छी होगी।
भाग्य प्रतिशत-67

# सुशांत थामके की फिल्म पिंटू की पप्पी के ट्रेलर को आमिर खान ने सराहा



मुंबई । बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने नवोदित अभिनेता सुशांत थामके की आने वाली फिल्म पिंटू की पप्पी के ट्रेलर को की सराहना की है। बॉलीवुड की दुनिया में, हर नवोदित अभिनेता, सुपरस्टार और दिग्गजों से प्रशंसा प्राप्त करने का सपना देखता है। सुशांत थामके के लिए यह सपना तब सच हुआ, जब आमिर खान ने उनकी आने वाली फिल्म पिंटू की पप्पी के ट्रेलर की प्रशंसा की। पिछले महीने रिलीज़ हुए ट्रेलर को दर्शकों से अपार प्यार मिल रहा है और अब इसने आमिर खान का ध्यान आकर्षित किया है, जिनकी प्रतिक्रिया ने सुशांत को बहुत खुश कर दिया है। गणेश आचार्य के प्रोडक्शन हाउस वी2एस प्रोडक्शन एंड एंटरटेनमेंट के तहत अपनी शुरुआत कर रहे सुशांत, आमिर खान के ट्रेलर पर अपनी प्रतिक्रिया देने पर बहुत खुश थे। सुशांत थामके ने कहा, जब आमिर सर ने पिंटू की पप्पी का ट्रेलर देखा था और इसे पसंद किया था, तो मुझे जो महसूस हुआ था, उसका वर्णन करना मुश्किल है। उन्होंने मेरे काम की सराहना की, यह मुझे अभिभूत करने वाला था।

उनकी प्रतिक्रिया ने मुझे कड़ी मेहनत करने और अपने शिल्प को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया है। उनसे इस तरह की मान्यता प्राप्त करना एक ऐसा क्षण है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। फिल्म, पिंटू की पप्पी, एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें नवोदित कलाकार सुशांत थामके, जान्या जोशी और विधि के साथ-साथ विजय राज, मुरली शर्मा, अली असगर, सुनील पाल, अजय जाधव, पूजा बनर्जी और गणेश आचार्य जैसे कलाकार हैं। विधि आचार्य निर्मित इस फिल्म को शिव हरे, श्यामली पांडे और अनादी सूफी ने लिखा है और इसका निर्देशन शिव हरे ने किया है। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। घंटेभर का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 4.19 प्रतिशत से लेकर 1.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, बीपीसीएल, नेस्ले, अपोलो हॉस्पिटल और डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.28 प्रतिशत से लेकर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,338 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,628 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 710 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 9.53 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 76,414.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण थोड़ी देर में ही ये सूचकांक लाल निशान में 76,202.12 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 205.35 अंक की मजबूती के साथ 76,610.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 27.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,128.30 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 23,090.65 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि शुरुआती 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई।

बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे निफ्टी 62.80 अंक की बढ़त के साथ 23,218.15 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,404.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,155.35 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

# धोनी ने दोस्त कुणाल की नई कार पर दिया ऑटोग्राफ, आनंद महिंद्रा हुए अभिभूत



रांची । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी फुर्सत पाते ही अपने दोस्तों के साथ अक्सर मस्ती करते दिख जाते हैं। उनके दोस्त पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी नई महिंद्रा थार खरीदकर इसकी खुशी साझा करने धोनी के फार्म हाउस जा पहुंचे। धोनी ने उनकी नई कार की सीट पर ऑटोग्राफ देकर मौके को और खास बना दिया। कुणाल ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की, तो यह वायरल हो गई। धोनी के इस अनोखे अंदाज पर महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा भी खुद को प्रतिक्रिया देने से रोक नहीं पाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक कार अक्सर वह कैनवास होती है, जिस पर हम दुनिया घूमने और जीवन को खोजने की अपनी आकांक्षाएं चित्रित करते हैं और यह थार रॉक्स उस शख्स के हस्ताक्षर से सज गई, जो आर्ट ऑफ लिविंग में निपुण है। धोनी का फैंस और दोस्तों के साथ ऐसा जुड़ाव कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी वह कई बार अपने प्रशंसकों और करीबियों की गाड़ियों पर ऑटोग्राफ देकर चर्चा में आ चुके हैं। एक बार उन्होंने बीएमडब्ल्यू 740 आई सीरीज पर अपने फैन के कहने पर हस्ताक्षर किए थे। इतना ही नहीं, एक अन्य मौके पर उन्होंने एक बाइक पर ऑटोग्राफ देने से पहले उसे अपनी टी-शर्ट से साफ किया और फिर उस पर हस्ताक्षर किए थे। महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों रांची में हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने रांची के जेएससीए स्टेडियम में रविवार को कंट्री क्रिकेट क्लब की ओर से स्थानीय स्तर पर आयोजित टेनिस चैंपियनशिप के एग्जीबिशन मैच में भाग लिया था और अपने पार्टनर के साथ शानदार सर्विस और बैकहैंड का नजारा पेश किया था। टेनिस चैंपियनशिप के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान धोनी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया था।

# सैफ अली खान को ट्रोल करने वालों पर भड़कीं पूजा भट्ट


मुंबई । घर में घुसे चोर के हमले में घायल अभिनेता सैफ अली खान लीलावती अस्पताल में इलाज के बाद घर लौट आए हैं। 21 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सैफ का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें अस्पताल से घर आते वक्त सैफ काफी फिट नजर आ रहे थे। सोशल मीडिया पर इस वीडियो में फिट दिखने पर नेटिजन्स ने उन्हें ट्रोल किया गया और कई सवाल भी उठाया गया। लोगों के ट्रोल करने बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने इसका करारा जवाब दिया है। सैफ की फिटनेस को लेकर ट्रोल करने वालों को एक्ट्रेस भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा, सैफ पर चाकू से हमले के बाद लोगों ने अपने दिमाग में उनकी एक छवि बना ली। सैफ का अपने पैरों पर अस्पताल से बाहर निकलना, उस छवि से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा, लेकिन क्या ये लोग ये नहीं भूल रहे हैं कि उन्होंने ही सैफ के खुद चलकर अस्पताल जाने के लिए भी उनकी तारीफ की थी? एक व्यक्ति जो घायल, दर्दनाक स्थिति में खुद को अस्पताल में भर्ती कराता है, यकीनन उसके पास खुद चलकर अस्पताल से बाहर निकलने का भी साहस होता है। हमें साजिश रचने वालों का सहारा लेने के बजाय उनकी हिम्मत और हौसले के लिए उनकी सराहना करनी चाहिए।

# फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर बनें आयुष्मान खुराना



मुंबई । बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) फ्रेम्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए प्रतिष्ठित फिक्की फ्रेम्स इस साल अपनी 25वीं सालगिरह का जश्न मनाने जा रहा है। इस खास मौके पर बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है। आयुष्मान खुराना अब भारतीय मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के चेहरे के रूप में इस आयोजन से जुड़े हैं। इस साल के खास संस्करण का थीम राईस - रिडिफायनिंग इनोवेशन , सस्टेनेबिलिटी , एंड एक्सीलेंस है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि फिक्की फ्रेम्स ने किस प्रकार नैरेटिव्स को आकार देने, क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने और मीडिया व एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के विकास में योगदान दिया है।हर साल मुंबई में आयोजित होने वाला यह इवेंट दुनिया भर के प्रभावशाली व्यक्तित्वों, क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाता है। इसमें उभरते ट्रेंड्स, नई तकनीकों, और मनोरंजन जगत की प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा होती है। आयुष्मान खुराना ने कहा, फिक्की फ्रेम्स के पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में सिल्वर जुबली वर्ष में चुना जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। एक ऐसे इंसान के रूप में, जो चंडीगढ़ से मुंबई केवल सपने लेकर आया था, मैंने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि मेरी यात्रा इतनी अविश्वसनीय होगी। आज, मेरा काम न केवल लोगों के जीवन को छूता है, बल्कि यह भारत की समृद्ध पॉप कल्चर का हिस्सा भी बन गया है। इस नई भूमिका में, मैं फिक्की की उत्कृष्ट टीम के साथ मिलकर इनोवेशन का जश्न मनाने और हमारी इंडस्ट्री की निरंतर उत्कृष्टता को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# ऑलराउंडर बनने के लिए जीवन के शुरुआती चरण में विकास होना जरूरी- कपिल देव



गुरुग्राम । क्रिकेट के महानायक कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि ऑलराउंडर बनने के लिए व्यक्ति को जीवन के शुरुआती सीखने के चरण में सर्वांगीण रूप से विकसित होने की आवश्यकता होती है। सत्य स्कूल गुरुग्राम के वार्षिक खेल दिवस 'सत्यन स्पर्धा' के अवसर पर कपिल देव ने स्कूल के नवनिर्मित क्रिकेट पिच का उद्घाटन किया और सत्यनों के साथ एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला। इस कार्यक्रम के दौरान खेल क्षेत्र में करियर के अवसरों पर सत्र भी आयोजित किया गया, जिनमें पेशेवर एथलेटिक्स, कोचिंग, खेल प्रबंधन और खेल चिकित्सा में उपलब्ध अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कपिल देव ने कहा, मुझे खुशी है कि सत्य स्कूल में खेल और आउटडोर गतिविधियों पर इतना ध्यान दिया जा रहा है। ऑलराउंडर बनने के लिए व्यक्ति को जीवन के शुरुआती सीखने के चरण में सर्वांगीण रूप से विकसित होने की आवश्यकता होती है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल खेलना भी बहुत ही जरूरी है। आपके पास खेल के क्षेत्र में सफल होने के लिए क्रिकेट पिच से लेकर स्क्वैश, बास्केटबॉल, फुटबॉल के कोर्ट, जिमनास्टिक्स, ताइक्कांडो और बैडमिंटन जैसे इनडोर खेलों के लिए पूरी तरह सुसज्जित स्थान जैसी सभी विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं। सारे साधन आपको मिले हुए हैं। अब आपको बस चाहिए आपका दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और अपनी सामान्य क्षमताओं से आगे बढ़कर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति। आपको जो ये अवसर मिले हैं उनका लाभ उठाइए, तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। इस अवसर पर सत्य स्कूल के अध्यक्ष राकेश भारती मित्तल ने कपिल देव का अभार व्यक्त करते हुए कहा, आज क्रिकेट के महान खिलाड़ी कपिल देव का हमारे साथ होना हमारे लिए बड़े सम्मान की बात है। खेल के प्रति उनका निडर दृष्टिकोण और विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक के रूप में उनका असाधारण कौशल आज भी युवा पीढ़ी को प्रेरित करता है। उनकी उपस्थिति ने हमारे विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और लगन जैसे उत्कृष्ट गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# सोना का वायदा भाव 73 रुपये की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम



नई दिल्ली । कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सटोरियों के अपने सौदों के आकार घटाने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 73 रुपये की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीई) में फरवरी माह में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 73 रुपये यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 8,582 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने की कीमत 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,753.29 डॉलर प्रति औंस हो गई।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## डायल 112 टीम ने लावारिस बैग मालिक को लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने ईमानदारी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए रास्ते में मिले एक लावारिस बैग को उसके असली मालिक तक पहुंचाया। दिनांक 22 जनवरी 2025 को पीआरवी-5550 पर तैनात हैड कांस्टेबल चन्द्रपाल और होमगार्ड आफाक हुसैन को थाना सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम मुकीमपुर में बुद्धवार पैठ के पास एक लावारिस बैग मिला। जांच करने पर बैग में ₹1,95,000 नकद और कुछ अन्य सामान पाया गया। पुलिसकर्मियों ने अथक प्रयास करते हुए बैग के मालिक का पता लगाया। बैग निशा किन्नर का निकला, जिसे पुलिस ने रुपये और अन्य सामान के साथ सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। बैग और रुपये मिलने पर निशा किन्नर और स्थानीय जनता ने पुलिस की ईमानदारी की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।

## 33 वर्ष से फरार वारंटी गिरफ्तार, थाना स्याना पुलिस ने की कार्रवाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स्याना पुलिस ने 33 वर्षों से फरार वारंटी रहीश तेली को गिरफ्तार किया। अभियुक्त, जो थाना स्याना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/90 धारा 379,411 भादवि के तहत फरार था, इसके खिलाफ मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी अधिपत्र भी जारी किया गया था। रहीश तेली शातिर अपराधी है और गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में श्री प्रेमचन्द्र शर्मा, प्रभारी निरीक्षक, थाना स्याना, उ0नि0 महक सिंह, उ0नि0 नीरज मलिक, का0 मनोज कुमार, का0 विकास नैन रहे। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

## वाहन चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल और फर्जी दस्तावेज बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस ने वलीपुरा नहर से 03 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल, 04 फर्जी नम्बर प्लेट और 02 फर्जी आरसी बरामद की गईं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम महावीर पुत्र स्व0 गोधा सिंह (गौतमबुद्धनगर), अशोक कुमार पुत्र मानकचंद (गौतमबुद्धनगर), और हुकुमचंद पुत्र वेदराम (पलवल, हरियाणा) हैं। इन शातिर चोरों ने मोटरसाइकिलों को चोरी कर उनकी फर्जी आरसी और नम्बर प्लेट तैयार की थीं, जिन्हें वे सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते थे। बरामद मोटरसाइकिलों में एक स्प्लेंडर बाइक (नं0 UP11CH4690) थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम और दूसरी स्प्लेंडर बाइक (नं0 HR51CL3840) थाना सराय ख्वाजा जनपद फरीदाबाद से चोरी की गई थी। दोनों मामलों में संबंधित थानों पर प्राथमिकी दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास में पहले भी मोटरसाइकिल चोरी के कई मामले दर्ज हैं। थाना कोतवाली नगर पर इनके खिलाफ मुअसं-84/25 पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलंदशहर पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को दिलवाया 04 वर्ष का कठोर कारावास और 15,000 रुपये का अर्थदंड

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत, छेड़छाड़ के आरोपी सोनू को सशक्त और प्रभावी पैरवी के बाद 04 वर्ष का कठोर कारावास और 15,000 रुपये का अर्थदंड दिलवाया गया है। यह घटना वर्ष 2016 की है, जब आरोपी सोनू पुत्र ऋषिपाल, निवासी बडपुरा, थाना अहार, ने थाना अहार क्षेत्र की एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। इस घटना के संबंध में थाना अहार पर मुअसं-105/2016 धारा 354 भादवि और 3(1)11 एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था और 07 सितंबर 2016 को पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले को चिन्हित किया गया और बुलंदशहर पुलिस के मॉनीटरिंग सैल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। इस दौरान 05 गवाहों के बयान दर्ज हुए और अभियुक्त को दोषी करार दिया गया। आज, 23 जनवरी 2025 को, न्यायाधीश श्री ओम प्रकाश वर्मा-III (विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम, जनपद बुलंदशहर) ने अभियुक्त सोनू को दोषी पाते हुए उसे 04 वर्ष के कठोर कारावास और 15,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री विपुल कुमार राघव की कड़ी मेहनत और योगदान को सराहा गया। बुलंदशहर पुलिस के इस सफल अभियान ने न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पुलिस लाइन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मानव श्रृंखला का निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि दोपहिया वाहन चलाते समय बीआईएस मानक हेलमेट का उपयोग करें और पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बचें। इसके अलावा, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने और सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयासों से संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि परिवार और बच्चे घर पर हमारी सुरक्षित वापसी का इंतजार करते हैं, इसलिए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। कार्यक्रम में एसएसपी श्री श्लोक कुमार, एसपी सिटी श्री शंकर प्रसाद, एसपी देहात श्री रोहित मिश्र, एआरटीओ श्री राजीव बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए यातायात नियमों के पालन के लिए सभी को प्रेरित किया गया।

## शिवसेना बुलंदशहर ने बालासाहेब ठाकरे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई, रक्तदान शिविर का आयोजन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शिवसेना बुलंदशहर द्वारा जिला कार्यालय पर हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर, दोनों महान नेताओं की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद, जिला अस्पताल जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा का योगदान दिया। इस आयोजन में शिवसेना के जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा, प्रदेश सचिव राजकुमार गिरी, सुधीर सैनी, प्रवेश लोधी, लक्ष्मी नारायण शर्मा, तेजवीर सिंह लोधी, महेंद्र फौजी, दानवीर प्रधान, प्रीति चौधरी, मनीष लोधी, अजय लोधी, पवन चौधरी, नरेश सिसोदिया, सरोज सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवसेना बुलंदशहर ने पशु यौन शोषण मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज, शिवसेना बुलंदशहर ने जिला कार्यालय में एक आपात बैठक का आयोजन किया, जिसमें पशु के यौन शोषण और बलात्कार करने वाले आरोपी चंद्रभान सिंह पुत्र श्री मुन्नालाल, निवासी गोकुलधाम सोसायटी आवास विकास प्रथम के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। शिवसेना ने इस मामले को लेकर एक ज्ञापन माननीय जिलाधिकारी महोदय और एसएसपी महोदय को सौंपा, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की अपील की गई। ज्ञापन में कहा गया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि इस प्रकार के घिनौने कृत्य की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। इस अवसर पर शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी साहब से भी मुलाकात की और मामले में शीघ्र न्याय की मांग की। इस बैठक में शिवसेना के जिला प्रमुख सर्वेश राणा, दानवीर प्रधान, पवन चौधरी, लक्ष्मी नारायण शर्मा, राजकुमार गिरी, सुधीर सैनी, अतुल वाल्मीकि समेत कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीसीडीए की नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (बीसीडीए) सत्र 2025-26 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक अलका मोटल रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई एग्जीक्यूटिव कमिटी का गठन किया गया। साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई, जिसमें 26 जनवरी को भव्य तरीके से कार्यक्रम मनाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक के दौरान महासचिव संजय साहानी, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल और सह सचिव बिशन आर्य ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकारिणी में जिला संरक्षक के रूप में नलिन अग्रवाल, प्रमोद सिंघल, अभिनव वर्मा, हिरदेश अग्रवाल और सुशील गोयल को नियुक्त किया गया। चेरमेन मनीष अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री पंकज मलिक, संगठन मंत्री आनंद अग्रवाल, जिला प्रभारी विशाल अरोड़ा और मीडिया प्रभारी अंकुश अग्रवाल ने भी अपनी जिम्मेदारियां संभालीं। वरिष्ठ ईसी मेंबर के रूप में लव साहनी, राजेश आर्य, पंकज गुप्ता, तुषार अग्रवाल, पप्पू त्यागी, अतुल गर्ग, हरिओम गोस्वामी, सुमित मेहरा, प्रिंस अग्रवाल, मोहम्मद शरीफ, मुजम्मिल खान, राशिद खान, पुनीत अग्रवाल और राहुल अरोड़ा को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा की और 26 जनवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन, क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। देश के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर, राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा बाबू बनारसी दास जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दर्जनों लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर भारत के अमर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर का उद्घाटन मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह और ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर नितिन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। हेमन्त सिंह ने इस अवसर पर कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने के लिए खून देने का आह्वान किया था। उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए, राष्ट्र चेतना मिशन नियमित रूप से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था करता आ रहा है और आज के इस शिविर के माध्यम से यही प्रयास जारी रखा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजकों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक आदेश चौहान, जय किशन गुप्ता, न्यू गुप्ता, तनु सोलंकी, सोनू राघव, शुभित अग्रवाल, सुमित चौहान, राहुल शर्मा जैसे कई समाजसेवियों और नागरिकों ने रक्तदान किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलंदशहर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश गर्ग, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करके की।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश गर्ग ने सुभाष चन्द्र बोस के प्रेरणादायक जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नेता जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वसुंधरा सक्सेना तथा छात्राओं ने भी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान पर चर्चा की। अंत में प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्राओं को नेता जी के आदर्शों का पालन करने तथा देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना सक्सेना की सराहना की गई। इस कार्यक्रम ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के बारे में गहरे विचार करने का अवसर प्रदान किया।

## भगवान श्री राम जी करते हैं सभी की मनोकामनाएं पूर्ण - विधायक संजय शर्मा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जहांगीराबाद (हितेश शर्मा)। नगर के सब्जी मंडी चौराहे पर व्यापारियों द्वारा भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्री राम की छवि पर क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष किशन पाल सिंह लोधी, और मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री कैलाश चंद्र सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त व्यापारियों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। विधायक संजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, आज अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ है। भगवान श्री राम सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम में भगवान श्री राम के बाल स्वरूप चित्र की छवि को भव्य रूप से सजाया गया और श्री राम दरबार की पूजा अर्चना की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार गोयल ने राम भक्तों को तिलक लगाकर और कलावा बांधकर प्रभु श्री राम का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष रोहित पहाड़ी ने सभी भक्तों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री श्री अनिल देशभक्त की प्रेरणा से व्यापारियों एवं सुभाष अग्रवाल ने विधायक संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष किशन पाल सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष कैलाश सैनी, डॉ. देवेंद्र गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, और नगर चौकी इंचार्ज नितिन ज्वाला का शॉल उड़ाकर अभिनंदन किया।

प्रसाद वितरण में मनमोहन अग्रवाल (सभासद), शशांक सिंघल, जितेंद्र गोयल, विष्णु ठेकेदार, शानू बंसल, विजय बंसल, सुधीर गोयल, ललता प्रसाद सिंघल, रिंकू भगत जी सहित अन्य व्यापारियों ने प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार अग्रवाल, व्यापारी मंडल अध्यक्ष रोहित पहाड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार गोयल, दीपक अग्रवाल, प्रभात बंसल, नरेश बंसल, दीपक गर्ग, निकुंज गोयल, लटूर भैया, पंकज अग्रवाल, प्रवीन शर्मा, जयभगवान गुप्ता, कमल पंसारी, आशीष गोयल, पिटंल गोयल, कृष्णा, रिंकू, गोपाल बंसल, राहुल बंसल, मोहित कंसल, रोहित गोयल, अमित कुमार, मोहित गोयल (खल वाले), पीयूष गोयल और अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर भव्य समारोह, प्रेरणादायक संचलन आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतपुर, बुलंदशहर में स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के वंदना सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश सिंह जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न छात्र-छात्राओं ने नेताजी के जीवन से प्रेरित प्रसंगों को अपने भैया-बहनों के सामने रखा। विद्यालय की एनसीसी, एनएसएस, स्काउट/गाइड और इको क्लब की यूनिटों ने घोष के साथ ग्राम हजरतपुर में एक संयुक्त संचलन का आयोजन किया। इस संचलन का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। संचलन में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। संचलन का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश सिंह जी ने झंडी दिखाकर किया। इस कार्यक्रम ने विद्यालय के छात्रों को नेताजी के संघर्षों और समर्पण से प्रेरित किया, जिससे उन्हें राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का संचार हुआ।




# उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने किये नोडल नियुक्त



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। शासनादेश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्टॉल लगाने हेतु उप निदेशक कृषि एवं जिला पंचायत राज अधिकारी गाजियाबाद को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वह अपने कुशल नेतृत्व में जनपद के विभिन्न विभागों के स्टॉलों की प्रदर्शनी आयोजित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही हिन्दी भवन में आवश्यक व्यवस्था हेतु जिला उद्यान अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राकेश कुमार गुप्ता को नोडल नियुक्त किया गया। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के कार्यक्रम को जनपद में ऐतिहासिक बनाना लक्ष्य होना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने बताया कि सभी विभागों द्वारा लगभग 23 स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, बेटी बचाओ—बेटी पढाओ नारी सुरक्षा आदि, मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी, ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत जनपद के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उत्पादों का विक्रय, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी पर आधारित प्रदर्शनी, प्रगतिमान उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी, आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद की कला संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद के पर्यटन एवं पौराणिक स्थलों की प्रदर्शनी एवं सभी विभाग अपने विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायेंगे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को दर्शाने वाले कार्यक्रम, सरस्वती वंदना, कथक, भरतनाट्यम, महाकुंभ से सम्बंधित प्रस्तुतियां, गायन, सितार वादन, शास्त्रीय नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्बोधन किया जायेगा।

# अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म ( एन०सी०ओ०आर०डी० ) की बैठक आहूत





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। अपर जिलाधिकारी नगर कार्यालय, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी नगर श्री गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन0सी0ओ0आर0डी0) की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर श्री गम्भीर सिंह की अध्यक्षता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जाएं। स्कूल कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाए। गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस/बोर्ड लगाये जाएं। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने का कार्य किया जाए। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

# एस०एस०वी० इंटर कॉलेज में मानव श्रृंखला और सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर, शासन के निर्देशानुसार, एस0एस0वी0 इंटर कॉलेज, हापुड़ में मानव श्रृंखला और सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हापुड़ के मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अपर पुलिस अधीक्षक श्री विनीत भटनागर, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती विनीता सिंह, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जया मिश्रा, एआरटीओ (प्रवर्तन) श्री रमेश कुमार चौबे, एआरटीओ (प्रशासन) श्रीमती छवि सिंह चौहान, यात्री/मालकर अधिकारी श्री आशुतोष उपाध्याय और एस0एस0वी0 इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल श्री विजय गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स, छात्र-छात्राएं और हापुड़ जनपद के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री हिमांशु गौतम द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। अन्य मंचासीन अतिथियों ने भी नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उपस्थित छात्रों, अध्यापकों और अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सभी को शपथ दिलाई गई कि वे यातायात नियमों का पालन करेंगे। विशेष रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति और नशे की हालत में वाहन चलाने से बचने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रतिबद्धता जताई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत, लगभग 2100 छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स, 424 पुलिसकर्मियों, अध्यापकों और अधिकारियों ने मिलकर मानव श्रृंखला बनाई। यह श्रृंखला सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रतीक बनी। इसके अतिरिक्त, हापुड़ जनपद के अन्य विद्यालयों, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी मानव श्रृंखला बनाई गई और सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में एआरटीओ (प्रवर्तन) श्री रमेश कुमार चौबे ने मंचासीन अतिथियों को सड़क सुरक्षा स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। एआरटीओ (प्रशासन) श्रीमती छवि सिंह चौहान ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स, पुलिसकर्मियों, अध्यापकों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह आयोजन सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ। छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता समझाने में यह कार्यक्रम सफल रहा। ऐसे कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और समाज में जिम्मेदारी और सतर्कता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित

**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी-मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल**









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती के अवसर पर शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद गाजियाबाद में काइस्ट (डीम्ड दू बी) यूनिवर्सिटी के प्रागंण में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में लगभग 2500 छात्र-छात्राओं द्वारा मानव-श्रृंखला बनायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गयी तथा अपील की गयी कि बिना वैध ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन संचालित न करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन ना चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया गया और कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी गयी। अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गयी

और अपने सम्बोधन में कहा गया कि सड़क सुरक्षा के बारे में नागरिकों में जागरूकता दिखायी दे रही है और ऐसे जागरूकता कार्यकम सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन श्री राहुल श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का सड़क पर यात्रा करते समय मूल मंत्र होना चाहिये। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, श्री गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, श्री जियाउद्दीन अहमद, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) गाजियाबाद, श्री प्रमोद कुमार सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, गाजियाबाद, श्री %के0डी0 सिंह गौर, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद, श्री राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद, श्री अमित राजन राय, सहायक, सम्भांगीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), गाजियाबाद, श्री मनोज कुमार मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), गाजियाबाद, श्री मनोज कुमार, यात्री / मालकर अधिकारी, गाजियाबाद, श्री राजेश्वर कुशवाहा, यात्री/मालकर अधिकारी, गाजियाबाद, श्री प्रमोद कुमार %गौतम, सम्भागीय निरीक्षक (प्रावि0), श्री विवेक खरवार, सम्भागीय निरीक्षक (प्रावि0) गाजियाबाद, श्री अमित कुमार तिवार, जिलापूर्ति अधिकारी, गाजियाबाद, श्री संतोष चौहान, यातायात निरीक्षक, गाजियाबाद के साथ-साथ कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अन्य समाज सेवी संस्थाओं व एन0जी0ओ0 के प्रतिनिधित भी उपस्थित रहें।

# बाबूगढ़ कैंट में क्विज़ प्रतियोगिता से छात्रों में देशभक्ति, जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कैंट में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को परीक्षा पर चर्चा के तहत एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 स्कूलों के 105 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में इतिहास और क्रांतिकारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके मनोबल को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की गई, जिससे उनमें आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ। विद्यालय ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को नोडल स्कूल के रूप में चुना गया था। इस अवसर पर छात्रों को भारत हैं हम पर आधारित एक सीरीज दिखाई गई, जो देश के क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उनकी समझ बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई थी। इस सीरीज के बाद छात्रों से क्रांतिकारियों और शहीदों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्साहपूर्वक उत्तर दिया गया। छात्रों ने बताया कि इस प्रतियोगिता ने न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाया, बल्कि देशभक्ति और प्रेरणा की भावना भी जगाई। सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस आयोजन का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जागरूकता पैदा करना और उनके भीतर देशप्रेम व आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस प्रकार के आयोजन न केवल शिक्षाप्रद होते हैं, बल्कि छात्रों को उनके इतिहास और संस्कृति से जोड़ने में भी सहायक होते हैं।

# राजस्व वसूली में कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, दिए कड़े निर्देश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। जनपद में कर-करेत्तर और राजस्व वसूली के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिया कि वे अपने तहसील क्षेत्रों में बड़े बकायेदारों को आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी करें और लंबित आरसी का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर आरसी को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिकारी ने वसूली समीक्षा के दौरान लक्ष्य से कम प्रगति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को अगली बैठक से पहले बेहतर परिणाम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायत निस्तारण से पहले शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करें और उसकी पुष्टि के बाद ही पोर्टल पर डेटा अपलोड किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायत निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैंकिंग पर असंतोष जताते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। जिलाधिकारी ने राजस्व वादों, जैसे धारा 67, 116, 80 और 24 के मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य देय, विविध देयों, और कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। सख्त चेतावनी जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आगामी बैठक से पहले अपने-अपने विभागों की स्थिति में सुधार करें। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व वसूली और अन्य संदर्भ सीएम पोर्टल से जुड़े हुए हैं, जो जनपद की रैंकिंग निर्धारित करते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी हापुड़, तहसीलदार गढ़, तहसीलदार हापुड़, जिला आबकारी अधिकारी, खनन अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह बैठक राजस्व वसूली के लक्ष्यों को पूरा करने और जनपद की प्रशासनिक रैंकिंग सुधारने के लिए महत्वपूर्ण रही।

# इंद्रप्रस्थ में खुद ठीक कराया लीकेज, फिर भी पर्याप्त पानी नहीं मिला

ट्रांस हिंडन । टीला मोड़ की इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना में पेयजल लाइन के लीकेज को लोगों ने खुद ही ठीक कराया। बावजूद इसके गुरुवार को भी कम प्रेशर के चलते पानी पर्याप्त नहीं मिला। लोगों ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायत पर भी जीडीए के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के डी ब्लॉक में पेयजल लाइन में लीकेज था। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश भारद्वाज का कहना है कि एक माह से भी अधिक समय से लीकेज के कारण पानी बह रहा था। इसकी वजह से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने प्लंबर बुलाकर खुद ही लीकेज ठीक करा लिया। इसके बाद भी गुरुवार को पानी कम आया। कॉलोनी में रहने वाले मनोज का कहना है कि शिकायत पर अधिकारी आश्वासन देते हैं, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है। पानी का टैंकर भी खुद ही मंगाना पड़ रहा है। टैंकर से पानी निकालकर ऊपरी मंजिलों तक चढ़ाना मुश्किल हो रहा है। इससे महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। जीडीए के अधिशासी अभियंता आरके वर्मा का कहना है कि कॉलोनी में कई कार्य कराये जा रहे हैं। पिछले दिनों लीकेज भी ठीक कराया था। कम प्रेशर से पानी आने की समस्या का भी निवारण किया जाएगा।

# यूपी दिवस पर हिंदी भवन में कार्यक्रम होगा

गाजियाबाद । यूपी दिवस पर शुक्रवार को प्रशासन की तरफ से लोहियानगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे से देर शाम तक गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के विकास और योजनाओं की जानकारियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें लोगों को बताया कि जाएगा कि वह लाभ किस तरह योजनाओं का उठा सकते हैं। किस योजना के लिए कौन से विभाग में आवेदन करना होगा यह जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दोपहर तीन बजे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यूपी दिवस पर सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# व्यापारियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

गाजियाबाद । राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी रमतेराम रोड स्थित कंपनी बाग पहुंचे, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने कहा कि नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश के सभी वर्गों को जोड़ा था, जिन्हेंने देश की आजादी की क्रांति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देशवासियों से उनके आदर्शों पर चलकर सदैव कर्तव्य का पालन करना चाहिए। इस दौरान पंडित अशोक भारतीय ने कहा कि नेता जी के विचारों को स्कूली पुस्तकों में शामिल करते हुए बच्चों को देशप्रेम के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस दौरान सौरभ यादव, आशु पंडित, प्रमोद गुप्ता, रमेश चंद गुप्ता, सुधांशु, जाकिर सेफी आदि मौजूद थे।

# शिखर एंक्लेव में चुनाव अधिकारी बदले

ट्रांस हिंडन । वसुंधरा सेक्टर-15 की शिखर एंक्लेव सोसाइटी में एओए के चुनाव के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार ने अधिकारी बदल दिए हैं। एक साल से सोसाइटी में चुनाव प्रक्रिया लंबित है। डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल ने पहले जिला गन्ना अधिकारी को चुनाव अधिकारी नामित किया था, लेकिन उन्होंने व्यस्तता बताई तो सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, नलकूप को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी है। चुनाव न होने से सोसाइटी में कई कार्य लंबित हैं।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती पर घोष के साथ छात्रों ने पथ संचलन किया

गाजियाबाद । नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। शिशु वाटिका के क्षेत्रीय संयोजक शिवकुमार शर्मा एवं स्कूल व्यवस्थापिका रश्मि गोयल ने मां सरस्वती और सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न वेशभूषा में देशभक्ति गीतों पर अभिनय गीत-संगीत और नृत्य शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद घोष दल के साथ 325 नन्हें-मुन्नो ने वंदे मातरम और भारत माता की जयकारों के साथ भव्य पथ संचलन किया, जो विभिन्न मार्गों से होकर स्कूल पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर छात्रों को नेता जी सुभाष चंद्र बोस के बारे में बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन धर्मावती अग्रवाल ने किया। इस अवसर सोनिका, साक्षी राजपूत, वंशिका, मोनिका, बबली, राखी, पूजा शर्मा, कार्तिका गुप्ता, कात्यायनी, मनु आदि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में गणतंत्र दिवस पर जीडीए करेगा मैराथन का आयोजन, जल्द करवाएं पंजीयन

गाजियाबाद । 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर जीडीए द्वारा मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जीडीए द्वारा मैराथन दौड़ का स्लोगन होगा RUN FOR REPUBLIC और इसकी थीम होगी स्वर्णिम भारत- विरासत और विकास। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा 26 जनवरी 2025 को मधुबन बापूधाम योजना के राउंडअबाउट पर विशेष मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगी। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक भागीदारी और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करेगा। इस मैराथन के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से, सीमित संख्या में प्रतिभागियों को टी-शर्ट और कैप प्रदान की जाएगी। इसी के साथ सभी विजेताओं को मैडल और ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे7 इसके लिए हेल्पलाइन सेन्टर (समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 06.00) के बीच दूरभाष नं0 0120-4418 384 एवं व्हाट्सऐप नं0 9990988004 (केवल व्हाट्सऐप के लिए) पर डिटेल भेजकर एवं https://forms.gle/H5nTK2xTyGs11u6D9 (24*7) पर जाकर भी पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण दिनांक दिनांक 25 जनवरी दोपहर दो बजे तक ही किया जा सकेगा। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सभी नागरिकों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित करता है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर मिलकर स्वास्थ्य, उत्साह और देशभक्ति का उत्सव मनाएं।

# कारोबार में नुकसान से परेशान कोल्ड ड्रिंक एजेंसी संचालक ने की आत्महत्या



गाजियाबाद । मधुबन-बापूधाम की संजयनगर कालोनी में कोल्ड ड्रिंक एजेंसी संचालक सूरज गुप्ता ने जहर खाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि कारोबार में संजय को काफी नुकसान हो गया था। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि संजयनगर सेक्टर-23 निवासी सूरज गुप्ता कोल्ड ड्रिंक एजेंसी चलाते थे। रात सूरज गुप्ता ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान आज चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूरज की पत्नी ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक आपूर्ति के कारोबार में पति को काफी नुकसान हो गया था। कर्ज लेकर कारोबार शुरू किया था और बाजार से भी भुगतान नहीं मिल रहा था। इसको लेकर वह कई दिनों से परेशान थे। सूरज गुप्ता के परिवार में दो बच्चे, पत्नी और बुजुर्ग मां हैं।

# बिलखते हुए पीछे दौड़ती रही बच्ची, पर मां नहीं रूकी; प्रेमी संग हुई फरार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । ग्रेटर नोएडा में दनकौर थाना क्षेत्र में बुधवार को दिल को झकझोरने वाला मामला सामने आया। यहां चार साल की बच्ची अपनी मां के साथ जाने रोती बिलखती रही, लेकिन महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई। बच्ची ने रोते हुए पीछा किया इस दौरान बच्ची ने रो-रोकर अपनी मां का पीछा किया, लेकिन उसका कलेजा नहीं पसीजा। घटना के दौरान वहां उपस्थित लोगों की आंखों में भी आंसू आ गए। पांच साल पहले हुई थी महिला की शादी दरअसल, कस्बे की रहने वाली एक महिला की शादी करीब पांच साल पहले क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद भी वह चुपके से अपने प्रेमी से मिलने चली जाया करती थी। पांच वर्ष के अंतराल में इस बात को लेकर पति-पत्नी में कई बार झगड़ा भी हुआ। कुछ दिन पहले महिला अपनी बेटी को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पीड़ित पति ने दनकौर कोतवाली में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। काफी देर तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा इसके बाद पुलिस ने महिला और उसकी बेटी को बरामद कर लिया। साथ ही प्रेमी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। कोतवाली में काफी देर तक चले हाईवोल्टेज ड्रामा के दौरान महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। लोगों की आंखों से निकल गए आंसू इस दौरान महिला ने चार वर्षीय बच्ची को भी साथ ले जाने से मना कर दिया। जब महिला अपने प्रेमी के साथ जाने लगी तो उसकी बेटी जोर जोर से रोने लगी और अपनी मां के पीछे दौड़ने लगी। इसके बाद उसके पिता ने बच्ची को अपनी को गोद में ले लिया। यह मंजर देख वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए।

## भक्तों को 108 श्रीरामचरितमानस भेंट की

ग्रेटर नोएडा । अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर श्रीरामचरितमानस प्रसार ट्रस्ट ने गुलमोहर सोसाइटी के मंदिर में अखंड पाठ किया। राम भक्तों को 108 श्रीरामचरितमानस भेंट की। श्रीराम के आदर्शों से अवगत कराया। अध्यक्ष डॉ सुनील मिश्रा ने बताया कि श्रीरामचरितमानस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए श्रीरामचरितमानस मंडली ने ट्रस्ट गठित किया। यह समूह 2007 से अब तक 2600 घरों में श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ और सुंदरकांड पाठ कर चुका है। इस अभियान को राष्ट्रव्यापी बनाने का प्रयास हो रहा है। इस वर्ष में देशभर में 11000 ग्रंथ भेंट करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, मनोज सिंह, शशांक, राजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## आप ने दिल्ली को बर्बाद किया -खेड़ा

नई दिल्ली । कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की शराब नीति को लेकर गुरुवार को एक बार फिर निशाना साधा है। इस क्रम में कांग्रेस के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने एक ऑडियो जारी किया, जिसे कथित तौर पर आप विधायक शरद चौहान का बताया जा रहा है। पवन खेड़ा ने कहा कि आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस नेता द्वारा जारी इस ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। खेड़ा ने कहा कि शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब की लत इंसान, उसके परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है। खेड़ा ने ऑडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि आप के एक विधायक बता रहे हैं कि कैसे उनकी ही पार्टी के शिक्षा मंत्री और शराब मंत्री ने घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि यह आवाज नरेला के विधायक शरद चौहान की है। यह किसी से बात करते हुए बता रहे हैं कि जब ये और मनीष सिसोदिया साथ बैठे थे, तब विजय नायर (आप के पूर्व संचार प्रमुख) शराब नीति लेकर आया। तब इन्होंने मनीष सिसोदिया को ऐसा करने से मना किया

## मालवीय नगर में कांग्रेस और भाजपा नेता आप में हुए शामिल

नई दिल्ली । मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई नेता गुरुवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गौड़, दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि समेत अन्य लोग शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने पटका और टोपी पहनाकर सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद मालवीय नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने दावा किया कि पूरी दिल्ली का माहौल अरविंद केजरीवाल की राजनीति के पक्ष में है। इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर मालवीय नगर वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहे और यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश गौड़, नई दिल्ली में दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब, यूथ कांग्रेस से वार्ड अध्यक्ष सचिन, कांग्रेस पार्टी से सीनियर वॉलिंटियर रहे रोहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। गौतम नगर से भाजपा के रवि, मालवीय नगर के जाने माने व्यक्ति व सामाजिक कार्यकर्ता सतीश नांग्या, आरडब्ल्यू के अध्यक्ष प्रवीण धीर और देवेंद्र चौहान भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

## अस्पतालों में आधार कार्ड बनाने में दिक्कत

नोएडा । स्वास्थ्य केंद्रों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है। ऐप और अन्य तकनीकी कारणों से स्वास्थ्य केंद्रों में आधार कार्ड नहीं बन रहे। इसके लिए लखनऊ से तकनीकी टीम बुलाई गई है। यह टीम दो-तीन दिनों में लखनऊ से आएगी। इसके बाद दोबारा सभी कर्मचारियों को आधार कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐप की तकनीकी बारीकियां बताई जाएंगी। गौरतलब है कि वर्तमान में छह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों आधार कार्ड बनाने की शुरुआत हुई है। भविष्य में सभी बड़े निजी और सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

## पांच स्मार्टफोन, 32 सिम कार्ड समेत जालसाज गिरफ्तार



नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी जिला साइबर पुलिस ने रिश्तेदार बनकर 1.3 लाख की ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से पांच स्मार्टफोन, 32 सिम कार्ड, आठ एटीएम कार्ड,बैंक चेकबुक व दो पासबुक और आधार कार्ड बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान गोपालगंज, बिहार निवासी बब्लू कुमार महतो के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, साल के शुरुआत में साइबर थाने में शिकायतकर्ता अंकित वशिष्ठ ने मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर, 2024 को उनके पिता को एक व्हॉट्सऐप कॉल आई। आरोपी ने खुद को उनका भांजा बताया और कहा कि वह किसी बैंक खाते में पांच छह लाख रुपये भेजने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कुछ तकनीकि परेशानी के चलते भेज नहीं पा रहे हैं। ऐसे में यदि पीड़ित कुछ रकम उसके बताए बैंक खाते में भेजते हैं तो वह रुपये उन्हें वापस कर देंगे। उसके झांसे में आकर पीड़ित ने 1.3 लाख रुपये आरोपी द्वारा बनाए बैंक खाते में भेज दिया तो आरोपी ने पीड़ित के खाते में रुपये वापस भेजने की फर्जी रसीद पीड़ित को भेज दी। जांच करने पर खाते में कोई रुपये नहीं आए थे। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी के बैंक खाते की ट्रेल की मदद से उसकी पहचान कर आरोपी को ममूरा, नोएडा, यूपी से गिरफ्तार कर लिया।

# 1857 विद्रोह की विचारधारा के अन्तर्गत समर से समृद्धि की ओर साइक्लोथॉन कार्यक्रम में गलगोटिया विश्वविद्यालय के एन०सी०सी० कैडेटस आकाश शर्मा का हुआ चयन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । 1857 के विद्रोह की याद में समर से समृद्धि की ओर विचारधारा के अन्तर्गत भारत सरकार ने इस साइकल यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे देश से एनसीसी कैडेटस ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अभियान के साथ, कैडेटों का लक्ष्य 1857 के विद्रोह के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करना है, जिसे स्वतंत्रता का पहला युद्ध भी कहा जाता है। साइकल यात्रा का शुभारंभ भी उ॰ प्र॰ के मेरठ ज़िले से किया गया जहाँ से देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने 1857 में भारत की स्वतंत्रता के लिये पहले क्रांतिकारी आन्दोलन का शँखनाद किया था। जिसे आज भी 1857 के विद्रोह के नाम से जाना जाता है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने इस अवसर कहा कि 1857 की क्रांति के नायकों को आज पूरा देश नमन करता है। 1857 के विद्रोह ने 20वीं शताब्दी में स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी। और यहीं से शुरू हुई भारत की समृद्धि की ओर एक महान यात्रा। इसी महान विचार धारा को ध्यान में रखकर इस साइकल यात्रा का आयोजन किया गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के




सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर गलगोटिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और 40 वीं एनसीसी बटालियन के कैडेटस आकाश शर्मा को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हम अपने विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिये सदैव कृत संकल्पित हैं। गलगोटिया विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी दुष्यंत राणा ने बताया कि इस साइकल यात्रा में पूरे उ0 प्र0 से 12 कैडेटस का चयन हुआ है जिसमें ग्रुप हैडक्वाटर ग़ाज़ियाबाद से गलगोटिया विश्वविद्यालय के कैडेटस आकाश शर्मा का चयन हुआ है। इस टीम के लीडर ब्रिगेडियर नरेंद्र सिंह चारक सेना मैडल हैं और मुख्य कार्यकारी मेजर जनरल विक्रम सिंह हैं। यह साइकल यात्रा 1 जनवरी 2025 को मेरठ से चलकर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से होती हुई प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, झाँसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा, ग्रेटर नौएडा पहुँचने तक 2025 किलोमीटर का सफ़र तय कर चुकी है। और अभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक अपना पूरा 2100 किलोमीटर का सफ़र तय करेगी। उसके उपरांत इसके समापन अवसर पर 27 जनवरी-2025 को दिल्ली में होने वाली एनसीसी की परेड कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सभी कैडेटस को सम्मानित करेंगे। गलगोटियास विश्वविद्यालय के छात्र आकाश शर्मा ने कहा, यह पहली बार था कि मैंने किसी ऐसे अभियान में हिस्सा लिया जो इतना ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस यात्रा के दौरान, मुझे राज्य भर के विभिन्न शहरों का दौरा करने का अवसर मिला।

## 12वे दिन बांड परिवर्तन की किसानो की माँग हुई पूर्ण, बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने का आश्वाशन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बृजनाथपुर मिल से बॉन्ड परिवर्तित करके बुलंदशहर शुगर मिल पर गन्ने की सप्लाई देने, बकाया गन्ना भुगतान कराने आदि मांगो को लेकर पिछले 12 दिनों से गांव देवली, नत्थूगढ़ी और क्यामपुर के किसानों द्वारा भाकियू प्रदेश अध्यक्ष पवन तेवतिया के नेतृत्व में जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर चल रहा धरना गुरुवार को समाप्त हो गया। तहसीलदार सदर व जिला गन्ना अधिकारी ने बांड परिवर्तन का पत्र देकर धरना समाप्त कराया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया के नेतृत्व में पिछले 12 दिन से बॉन्ड परिवर्तन की मांग को लेकर जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर के कार्यालय परिसर में चल रहा धरना गुरुवार को समाप्त हो गया। दो दिन पूर्व केन कमिश्नर के आदेश के अनुसार एसडीएम सदर की अध्यक्षता में तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सदर, जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर व धरने में मौजूद किसानों के साथ अंतिम वार्ता में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया था कि अगर देवली, नत्थूगढ़ी और क्यामपुर का कोई किसान बृजनाथपुर मिल पर रहना चाहता है तो वह व्यक्तिगत रूप से आकर सूचना दे ताकि उस व्यक्ति का बॉन्ड बृजनाथपुर मिल पर ही कर दिया जाए। बाकी सभी किसान जो बुलंदशहर मिल पर रहना चाहते हैं वह अपनी सहमति बुलंदशहर मिल के लिए दे दे। सर्वे को करने के लिए जिला गन्ना अधिकारी द्वारा एक सर्वेयर गांव देवली पंचायत में बुधवार सुबह 10.00 बजे भेजा गया तथा सभी की सहमति प्राप्त की गयी जिससे भविष्य में किसी किसान को कोई संदेह ना रहे, तथा सभी किसान अपनी मर्जी के अनुसार मिल में गन्ना सप्लाई कर सकें। इसके बाद बॉन्ड परिवर्तन की पर्ची कैंसिल की गई। और नए सिरे से किसनो की पर्चियां को कॉम्प्यूटर में फीड किया गया। तहसीलदार सदर मनोज कुमार रावत वह जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार भारती ने किसानों को बॉन्ड फीडिंग पत्र देकर पिछले 12 दिनों से चल रहा धरना समाप्त कराया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया ने बताया कि बांड परिवर्तन की पर्ची कैंसिल की गई है। नए सिरे से किसानो के बान्ड फीडिंग हो गए है। किसानों ने 12 दिन तक भीषण ठंड में जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर कार्यालय परिसर में रहकर अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ी। 12वे दिन जाकर किसानों की मेहनत रंग लाई। किसानो के बॉन्ड परिवर्तन की कार्रवाई हुई यह भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत की जीत है। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया के नेतृत्व में किसानों ने तहसीलदार सदर मनोज कुमार रावत जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर अनिल कुमार भारती को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरुवार को 12वे दिन धरना की अध्यक्षता की संजीव कुमार उर्फ संजीव भैया ने की व मंच संचालन बिट्टू तेवतिया प्रधान ग्राम देवली ने किया। इस मौक़े पर अनिल चौधरी, संजय तेवतिया, सोनू हीरालाल गढ़ी, पिंटू तेवतिया, दिनेश कुमार, नरेंद्र तेवतिया, गोलू, अरुण चाचा, आरिफ कुरैशी, रशीद, हाजी जमील तथा भारी संख्या में ग्रामीण तथा संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस की चेकिंग अभियान जारी, यातायात नियमों के पालन की अपील

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुलंदशहर पुलिस द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, यातायात पुलिस और थाना पुलिस की टीमों ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया कि यह अभियान विभिन्न स्थानों और समय पर बदल-बदलकर निरंतर जारी रहेगा। जनपद पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर यात्रा के दौरान सभी यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने विशेष रूप से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और शराब पीकर वाहन न चलाने का संदेश दिया है। यातायात पुलिस ने कहा कि यह अभियान न केवल सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए है, बल्कि लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवहार के लिए जागरूक करने का भी प्रयास है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है। वहीं, यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वे अपने दस्तावेज़ हमेशा साथ रखें और यातायात नियमों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

## गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



हापुड़। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य भूमि और यूटिलिटी से जुड़े मुद्दों का समाधान कर निर्माण कार्य को शीघ्रता से आगे बढ़ाना था। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे अधिकारियों ने हाईवे किनारे से विद्युत पोल, नलकूप, हेड पंप और ट्रांसमिशन लाइन हटाने से संबंधित प्रकरणों को प्रस्तुत किया। उन्होंने इन बाधाओं को जल्द दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल सके। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे के अंतर्गत जिन ग्रामों की भूमि चिन्हित की गई है, वहां संबंधित लेखपालों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों और भूमिधारकों को मुआवजा अब तक नहीं मिला है, उनका पुन: सर्वेक्षण कर खसरा-खतौनी से मिलान करते हुए मुआवजे का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा वितरण और भूमि विवादों का समाधान प्राथमिकता से किया जाए ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्युत पोल और ट्रांसमिशन लाइनों को जल्द से जल्द स्थानांतरित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी हापुड़ श्री अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर श्रीमती साक्षी शर्मा, उप जिलाधिकारी धौलाना श्रीमती लवी त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश, एनएचएआई के अधिकारी, जिला वन अधिकारी, तहसीलदार, और एलएनटी के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के कार्यों को तेज गति देने और बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय बनाए रखें।

## हर तरफ बस यही आवाज, इस बार बनेगी भाजपा की सरकार - कैलाश गहलोत



नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के नेता कैलाश गहलोत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि हर तरफ से बस यही आवाज आ रही है कि इस बार भाजपा की सरकार बनेगी। कैलाश गहलोत द्वारका के भरथल गांव में भाजपा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा की जीत का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने 'आप' सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पिछले 10 सालों के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है और इसी का नतीजा है कि अब यहां के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किया। आज तक इन लोगों ने दिल्ली के विकास के लिए कुछ नहीं किया। ऐसी स्थिति में अब यहां के लोगों ने भाजपा को लाने का मन बना लिया है। अब दिल्ली में केंद्र सरकार और एलजी मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि साल 2025 में भी यहां के लोगों के लिए मुद्दे नहीं बदले हैं। आज भी यहां पर पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याएं चुनाव में मुद्दे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 80 फीसद विधानसभा में ट्यूबवेल का पानी दिया जा रहा है और इसका पानी पीने के लायक नहीं होता है। ऐसा करके स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके साथ ही कई विधानसभा में लोग गंदे पानी की समस्या से भी बहुत परेशान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद अभी तक कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की दुर्दशा पर दुख जताते हुए कहा कि यहां रहने वाले लोगों को बहुत तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां लोग नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बहुत ही शर्म की बात है कि इन लोगों ने वादा किया था कि हम लोग दिल्ली में हर व्यक्ति को पीने का स्वच्छ पानी देंगे। लेकिन, आज भी यहां कई लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बता दें कि दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है, जबकि नतीजों की घोषणा 8 फरवरी को होगी। वहीं, कैलाश गहलोत की बात करें, तो उन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी से अपना नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है। भाजपा ने उन्हें बिजवासन विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। उधर, आम आदमी पार्टी ने यहां से सुरेंद्र भारद्वाज पर दांव लगाया है।

## ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन, किसानों और मजदूरों के हक की मांग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



हापुड़ । ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने गरीब किसानों, मजदूरों, नौजवानों और महिलाओं के हक और सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंतन व्यक्त करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पंडित गोपाल शर्मा ने जनपद स्थित सिंभावली और बृजनाथपुर शुगर मिलों सहित उत्तर प्रदेश की शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये बकाया होने और भुगतान न होने की समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि गन्ना पेराई सत्र 2024-25 संचालित किया जा रहा है, लेकिन किसानों के गन्ने का समर्थन मूल्य अब तक घोषित नहीं किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने किसानों की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने की मांग की, जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। पंडित गोपाल शर्मा ने उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग और राजस्व कर्मियों द्वारा किसानों का शोषण करने का भी जिक्र किया। कई किसान खतौनी में त्रुटियों के कारण तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस अवसर पर पंडित गोपाल शर्मा के साथ प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी पंडित लोकेश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, पंडित अजय शर्मा, और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन में किसानों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्पीड़न की रोकथाम की मांग की गई।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया थीम सॉन्ग

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को थीम सॉन्ग लॉन्च कर दिया। इसका शीर्षक हर जरूरत होगी पूरी, दिल्ली में कांग्रेस है जरूरी रखा गया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का थीम सॉन्ग लॉन्च किया गया। हम साथ मिलकर दिल्ली को खुशहाल बनाएंगे, हमने पहले किया था, फिर कर दिखाएंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि यह थीम सॉन्ग पार्टी की सारी गारंटी को दर्शाता है। यह एक उत्साह भी दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच किस उत्साह के साथ पहुंच रही है। लोगों के मन में भी बहुत उत्साह है। थीम सॉन्ग की लॉन्चिंग के मौके पर पवन खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शराब की लत व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है, लेकिन शराब के जरिए पैसे कमाने की लत न केवल व्यक्ति और उसके चरित्र को बर्बाद करती है, बल्कि हमने यह भी देखा है कि कैसे केजरीवाल ने हमारी आंखों के सामने इस पूरे शहर को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, इस शराब प्रभावित पार्टी ने, जिसे आप सभी आम आदमी पार्टी कहते हैं, हमारी आंखों के सामने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे वाले शहर को बर्बाद कर दिया है। हम सभी ने इसे देखा है, हम सभी इस बात के गवाह हैं कि यह शहर और इसका बुनियादी ढांचा कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। पवन खेड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कहते थे कि उनके पास हर मर्ज की दवा है। हमें दवा तो नहीं दिखी, लेकिन दारू की दलाली जरूर दिखी, जिसमें पूरी सरकार डूबी रही। अरविंद केजरीवाल साफ राजनीति का नारा लगाकर सत्ता में आए थे, लेकिन इनकी असलियत अब आपके सामने है। देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घोटाला किया हो।

## केजरीवाल के कट आउट की लगवाई यमुना में डुबकी

नई दिल्ली । यमुना की मौजूदा हालत के खिलाफ बृहस्पतिवार को युवा हल्ला बोल ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं केजरीवाल को इस हालत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके कटआउट की डुबकी यमुना में लगवाई। साथ ही, दावा किया कि दस साल से वे दिल्ली के लोगों को यमुना की सफाई के नाम पर धोखा दे रहे हैं। उन्होंने केवल दावा किया, लेकिन यमुना की सफाई नहीं की। इस मौके पर गोविंद मिश्रा ने कहा कि हल्ला बोल के साथियों के साथ यमुना को स्वच्छ और अविरल बनाने के वादे की पोल खोलते हुए केजरीवाल के कटआउट की सांकेतिक रूप से यमुना में डुबकी लगवाई गई। वहीं, प्रशांत कमल ने कहा कि यमुना की सफाई के नाम पर दिल्ली को धोखा मिला। पिछले चुनाव में केजरीवाल ने वादा किया था कि 2025 तक यमुना को इतना साफ कर देंगे कि उसमें डुबकी लगाई जा सके। यमुना के भीषण प्रदूषण के कारण लोग छठ भी नहीं मना पाते हैं।

# मां सीता रसोई ने सैकड़ों निर्धन-निराश्रित, साधु, ब्राह्मण एवं ब्रजवासियों को ऊनी वस्त्र व कम्बल वितरित किए



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। मोतीझील क्षेत्र स्थित श्री घीसासंत महामण्डल आश्रम में संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ), पंजाब की अध्यक्ष और प्रख्यात समाज सेवी मनप्रीत कौर ( लुधियाना ) द्वारा संस्थापित संस्था मां सीता रसोई के तत्वावधान में भारत वर्ष में निरन्तर चल रहे सेवा प्रकल्प के अंतर्गत विश्वविख्यात भजन गायक बाबा चित्र-विचित्र महाराज के पावन सानिध्य में संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत सैकड़ों निर्धन-निराश्रित, साधु, ब्राह्मण एवं ब्रजवासियों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें ऊनी वस्त्र, कंबल व दक्षिणा आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के संयोजक आचार्य अंशुल पाराशर एवं प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद ने कहा कि मां सीता रसोई के द्वारा समूचे भारत वर्ष में असंख्य लोगों को नि:शुल्क भोजन व फलाहार उपलब्ध कराया जा रहा है ।साथ ही इसके द्वारा विभिन्न प्रांतों में अधिकाधिक अभावग्रस्तों की प्राथमिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि जप, तप, भजन, साधना करना ही भगवान की भक्ति नहीं है, बल्कि निर्धन-निराश्रित व असहयों की सेवा करना भी भगवान की एक प्रमुख भक्ति है ।इसी के अंतर्गत आज मां सीता रसोई के द्वारा निर्धन-निराश्रित, साधु,ब्राह्मण, ब्रजवासियों आदि को भोजन प्रसाद ग्रहण करा कर उन्हें ऊनी वस्त्र, कंबल व दक्षिणा आदि का वितरण किया गया है। जो की अति प्रशंसनीय कार्य है। इससे पूर्व विश्वविख्यात भजन सम्राट बाबा चित्र-विचित्र महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी में श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया। कार्यक्रम में स्वामी अक्ष्दानंद महाराज, चन्दन मुनि महाराज, सौरभ गोस्वामी, ब्रज किशोर शर्मा, सुमित गौतम, सत्य नारायण शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, भानू शर्मा, दीपक शर्मा, अमित कृष्ण शर्मा, शिवम, सत्यम, सुनील तिवारी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ हुआ कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

मथुरा। मथुरा-गोवर्धन मार्ग पर नवनिर्मित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा से कम नहीं होती है। आज हमारे देश में करोड़ों व्यक्ति नेत्र रोग से पीड़ित हैं। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है, कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान से असंख्य नेत्र रोगी लाभान्वित होंगे ।क्योंकि यह संस्था अंधता निवारण के लिए कृत संकल्पित है।

इसके लिए संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा व उनकी सारी टीम अत्यंत बधाई की पात्र है। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के अध्यक्ष जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलराम दास देवाचार्य महाराज व महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे 200 बेड की क्षमता वाले संस्थान में 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर हैं ।इसमें प्रतिवर्ष 1 लाख नेत्र ऑपरेशन करने की क्षमता है। साथ ही इस संस्थान के द्वारा प्रतिवर्ष 50 व्यक्तियों को पैरा मेडिकल व मेडिकल की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा यहां सेवा देने वाले अति अनुभवी नेत्र चिकित्सकों व विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक से असंख्य नेत्र रोगी लाभान्वित होंगे। कल्याणं करोति के संरक्षक स्वामी महेशानंद सरस्वती एवं संत गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के द्वारा उत्तर भारत के जटिलतम नेत्र रोगियों की प्रत्येक समस्या का समाधान होगा ।क्योंकि यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सुपर स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सालय है। साथ ही इस संस्थान में नेत्र रोग से जुड़ी चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से स्थानीय व बाह्य युवाओं को रोजगार भी प्रात होगा। शुभारंभ समारोह में सिद्धपीठ पीठाधीश्वर डॉ. कौशल किशोर दास महाराज, संत प्रवर रामरज दास महाराज, शंकरा आई फाउंडेशन, यू.एस.ए. के चेयरमैन मुरली कृष्णमूर्ति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व उप-कुलपति डॉ. गिरीश त्रिपाठी, जी.एल.ए. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, जमुना लाल बजाज फाउण्डेशन के चेयरमैन शेखर बजाज, कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सह सचिव निरुपम भार्गव, प्रवीन भारद्वाज, मूलचंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार खंडेलवाल (गुलाब सुपारी), कन्हैया अग्रवाल (स्वीटी सुपारी), प्रमुख समाजसेवी कल्याण दास अग्रवाल (ब्रजवासी टंच), चौ. दीनानाथ अग्रवाल, हृदयेश शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, रमेश गनात्रा व नयन दलाल (यू.एस.ए.), पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट, अतुल शर्मा (वैद्यनाथ, झांसी), प्रख्यात बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक बंसल, ललित बेरीवाल व आनन्द अग्रवाल (कोलकाता), बी.एस.ए. डिग्री कॉलेज के पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक बंसल, सरस्वती हॉस्पिटल के संचालक दीपक गोयल, प्रख्यात भजन गायक बनवारी महाराज, एंटी रोमियो स्क्वायड की जिला प्रभारी एस.आई. अलका रानी, ब्रज जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।संचालन व धन्यवाद ज्ञापन महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, ग्रामोद्योग, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक, जिला बचत और स्थानीय प्रभारी दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित विभागों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक शत-प्रतिशत समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव के प्रयास से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर अनूपशहर क्षेत्र के गांव रोरा में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से कक्षा 9 से 12 तक के लिए प्रस्तावित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह विद्यालय क्षेत्र का एकमात्र स्वीकृत आवासीय विद्यालय है, जिसकी आधारशिला समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में रखी गई। विद्यालय के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत रोरा के प्रधान रायसिंह ने गाटा संख्या 314 की 8 बीघा भूमि का प्रस्ताव दिया था। यह प्रस्ताव प्रशासन को सौंपे जाने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने भूमि को विद्यालय के नाम खतौनी में दर्ज कर दिया। इसके पश्चात विधिवत टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई, और कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्य का शुभारंभ ठेकेदार नरेश जैन, आरईइस के उपखंड अधिकारी योगराज गौतम, जेई आलमगीर, ग्राम प्रधान रायसिंह और मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव की उपस्थिति में हुआ। विद्यालय के नक्शे के अनुसार स्थल पर चुना डालकर हलका लेखपाल से भूमि का सीमांकन कराया गया। विद्यालय तक पहुंचने वाले रास्ते का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा। समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने इस परियोजना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को जल्द से जल्द इस विद्यालय का लाभ मिल सके।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के लगाए नारे




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**सैय्यद मजहर**

बुलंदशहर। गुलावठी (सैय्यद मजहर) नगर के विख्यात एवीएम जूनियर हाई स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने उनकी वेशभूषा धारण कर उनकी यादों को स्मरण किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ! इस अवसर पर बच्चों द्वारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे का गुंजन भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपांशु गोविल ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी ने देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसे पूरा देश कभी भुला नहीं सकता इस आजादी की लड़ाई में उन्होंने अपना सब कुछ निछावर कर दिया था !

इस कार्यक्रम में नेताजी की वेशभूषा में सजे बच्चों ने देश के प्रति अपने कर्तव्य निवारण का सुंदर स्मरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर किया गया एक संगोष्ठी का आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**सैय्यद मजहर**

बुलंदशहर। गुलावठी (सैय्यद मजहर) देवनागरी महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने की। अध्यक्षीय सम्बोधन में प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने नेताजी की देशभक्ति, अदम्य साहस और त्याग के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। श्री अतुल तोमर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस और संकल्प की शिक्षा देता है।

उनका तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा युवाओं के लिए आज भी प्रेरणादायक है। श्री शशि कपूर ने नेताजी के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा कि नेताजी ने न केवल आजादी के लिए संघर्ष किया बल्कि एक स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर भारत का सपना भी देखा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में नेताजी को किया गया याद



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**सैय्यद मजहर**

बुलंदशहर। गुलावठी (सैय्यद मजहर) निकटम ग्राम असवार स्थित बीआर इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। स्कूल के संस्थापक सतीश नागर ने नेताजी को याद करते हुए बताया कि उनका जीवन उच्च आदर्श की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्या अंशु भाटी ने उनके द्वारा स्वतंत्रता के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों का वर्णन किया। चेयरमैन अमित नागर ने नेताजी के द्वारा गठित आजाद हिंद फौज के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर रिचू शर्मा, प्रमोद शर्मा, अब्दुल वाहिद, अजहरुद्दीन, दीपक शर्मा, हामिद अली, सोहनवीर सिंह, गौरव त्यागी, परवेज चौहान, राखी चौधरी, निकिता चौधरी, सचिन कुमार, मनजीत सिंह, प्रतिभा गुप्ता, मंजू कंसल, नितिन गोयल, महबूब हसन आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ रोड पर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




नई दिल्ली । मेरठ रोड पर आज सुबह बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर गुलधर के पास हुई। पुलिस के मुताबिक निवाड़ी के ग्यासपुर निवासी मोनू (36 वर्ष) सुबह पल्सर बाइक पर गाजियाबाद की तरफ जा रहा था। गुलधर के पास मोनू की बाइक में पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपित बस चालक मौके से फरार हो गया। युवक को घायल अवस्था में संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बस चालक की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# अयोध्या में पधारे श्री मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र महाराज की प्रथम वर्षगांठ पर धूमधाम से मनाया उत्सव, किया गया प्रसाद वितरण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अयोध्या में पधारे श्री मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी महाराज की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देवी मंदिर साठा में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जमकर आतिशबाजी की और प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में 1100 दीपक जलाए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिला श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को और भव्य बना दिया। साथ ही, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिससे मंदिर प्रांगण में भक्तिभाव का संचार हुआ। इस मौके पर देवी मंदिर के पुजारी सौरभ शर्मा और अन्य प्रमुख श्रद्धालु, जिनमें संजीव शर्मा, सुमित शर्मा, नितिज्ञ गुप्ता, अनुज अग्रवाल, शिवम, आशू, हृदय भारद्वाज, निकुंज (छोटा रिपोर्टर), मधु सिंगल, रूपाली शर्मा, मोहिनी शर्मा, रेशु शर्मा, नीलम, हिमिका, हार्दिक, भूमिका शर्मा, और काव्य भारद्वाज शामिल थे, ने उत्सव में भाग लिया। इस कार्यक्रम ने न केवल भक्तों को एकजुट किया, बल्कि सभी को भगवान रामचंद्र जी के आदर्शों को याद करने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। श्रद्धालुओं ने इसे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का एक अनोखा उदाहरण बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भगवान राम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम ने नवयुक्त जिलाधिकारी श्रुति शर्मा का किया स्वागत



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नवयुक्त जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति शर्मा के बुलंदशहर में पदभार ग्रहण करने के उपरांत, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी कार्यालय में उनसे मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश महासचिव अनिल देशभक्त ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को फूलों का बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और यह आश्वासन दिया कि संस्थान उनके सभी सकारात्मक कार्यों में पूर्ण सहयोग करेगा। साथ ही, सरकारी विभागों में किसी भी प्रकार के अनुचित कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित कराने की जिम्मेदारी भी निभाएगा। व्यापारी सुरक्षा फोरम ने आग्रह किया कि व्यापारियों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और किसी भी विभाग से व्यापारियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में कई संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। डिबाई भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर डिबाई क्षेत्र के खरिकवारी गांव में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और श्रीराम भक्त हनुमान जी की सुंदर झांकियां निकाली गईं, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। शोभायात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सीपी सिंह लोधी ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने भगवान के सभी स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और मंगल तिलक किया। शोभायात्रा का रास्तेभर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा का समापन गांव के शिव मंदिर पर हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह लोधी ने समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए बुलंदशहर भूड चौराहे पर रोडवेज बस दुर्घटना में मारे गए टीकम सिंह की पत्नी ननिया देवी, खरिकवारी गांव निवासी ब्रजबाला पत्नी बादशाह वघेल, और अन्य घायलों को 15 लाख 10 हजार रुपये की सांत्वना धनराशि प्रदान की। कार्यक्रम में गांव के प्रधान भू प्रकाश निर्भय, कृष्ण कुमार, राम किशोर वर्मा और धरमपुर पुलिस चौकी प्रभारी हरेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर उत्सव को सफल बनाया और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

# चार लोगों ने घर में घुसकर ग्रामीण को पीटा

नोएडा । चौड़ा गांव में सोमवार को चार आरोपियों ने एक घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज कर विरोध करने पर पीड़ित को घर में घुसकर पीटा। उसको बचाने आईं महिलाओं के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौड़ा गांव निवासी राकेश यादव ने पुलिस को बताया कि वह 20 जनवरी को अपने घर पर थे, तभी गांव निवासी अशोक, अजय, पवन और अंकित आए। वे बिना किसी कारण उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी भाभी रिंकू, राधा और प्रमीता देवी आईं। आरोप है कि आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सेक्टर-24 थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।